भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 529
दिनांक 09 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

मेघालय में आंगनवाडी केंद्र

529. श्री विनसेंट एच. पाला:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मेघालय में अपेक्षित जनसंख्या होने के बावजूद जिन गांवों में आंगनवाड़ी केंद्र नहीं है, उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) आंगनवाड़ी योजना में सम्मिलित नहीं किए गए गांवों में अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों की मंजूरी देने में देरी के क्या कारण है;
(ग) क्या सरकार और आांनवाड़ी केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कोई उपाय कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : राज्य द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार मेघालय में ऐसे गांवों की जिलावार संख्या संलग्न है, जहां आंगनवाड़ी केंद्र नहीं हैं।

(ख) से (घ) : स्कीम के विस्तार के तीसरे चरण तक भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सभी 14 लाख एडब्ल्यूसी/एओडी/लघु एडब्ल्यूसी मेघालय सरकार सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत किए जा चुके हैं और इस समय स्वीकृति के लिए कोई केंद्र उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, इस मंत्रालय ने आंगनवाड़ी केंद्रों के रिलोकेशन के लिए 01 दिसम्बर, 2014 को दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो अन्य बातों के साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपनी आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार रिलोकेट करने के लिए अधिकृत करता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अधिकतम मात्रा में लाभार्थियों को कवर करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को रिलोकेट करने के लिए समय-समय पर सलाह भी दी जाती है।

*****

अनुलग्नक

'मेघालय में आंगनवाडी केंद्र' विषय पर श्री विनसेंट एच. पाला द्वारा दिनांक 09 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 529 के उत्तर के भाग(क) में संदर्भित अनुलग्नक जिसमें ऐसे गांवों की जिला-वार संख्या दर्शाई गई है, जहां आंगनवाड़ी केंद्र नहीं हैं

क्र.सं.	जिले का नाम	ऐसे गांवों की संख्या जहां आंगनवाड़ी केंद्र नहीं हैं
1	पूर्वी खासी हिल्स	57
2	रिभोई	89
3	पश्चिम जयंतिया हिल्स	28
4	पूर्वी जयंतिया हिल्स	26
5	पश्चिम खासी हिल्स	83
6	पूर्वी पश्चिम खासी हिल्स	30
7	दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स	24
8	पश्चिम गारो हिल्स	82
9	दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स	33
10	दक्षिण गारो हिल्स	86
11	पूर्वी गारो हिल्स	53
12	उत्तरी गारो हिल्स	147
कुल		**738**

*****